an>

Title: Need to convert National Highway No. 6 between Kharagpur and Sambhalpur into four lane and also to construct a road over-bridge and a bypass road in Keonjhar city.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर): राष्ट्रीय राजमार्ग 6 कोलकाता से मुम्बई वाया खड़गपुर-जामसेला- क्योंझर-सम्भलपुर होकर जाता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग मेंरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर शहर के बीच में होकर निकलता है। इस मार्ग पर बड़े वाहन रात-दिन चलते हैं और आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और दिन के समय यातायात जाम हो जाता है जिससे लंबे रूट के वाहनों एवं स्थानीय लोगों को अत्यंत परेशानी होती है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग को खड़गपुर से सम्भलपुर तक चार लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण, क्योंझर शहर में एक उपरिपुल या बाइपास की व्यवस्था हो जाए तो इन सब परेशानियों से निजात पाई जा सकती है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि खड़गपुर से सम्भलपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 6 को 4 लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण, क्योंझर शहर में एक उपरिपुल या क्योंझर शहर में बढ़ते यातायात को समुचित चलाने हेतु बाईपास का निर्माण करवाया जाए।